आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 26.02.2025 समय: 07.10PM

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा- समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करना और महिलाओं को समाज में उचित स्थान दिलाना आवश्यक।
- मुख्यमंत्री बोले- संत, सत्ता और शासन की त्रिवेणी के संगम से बागेश्वर धाम बना रहा नये कीर्तिमान।
- पूरे हर्षोउल्लास और श्रद्धाभाव से मनाया जा रहा है महाशिवरात्रि का पर्व।
- विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम प्रयागराज महाकुंभ आज हो रहा है संपन्न।

राष्ट्रपति प्रवास

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं अपने जीवन में सफल होंगी तभी हमारा समाज और देश सफल होगा। राष्ट्रपति आज मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम में 251 लड़कियों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने विवाहित जोड़ो को साड़ी और कपड़े भेंट किए। राष्ट्रपति ने आगे कहा कि हमने एक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है और उसके लिए समाज के सभी वर्गों का समान रूप से विकास जरूरी है। श्रीमति मुर्मू ने कहा कि सामाजिक समरसता बढ़ाने के लिए संत समाज हरसंभव प्रयास करे, उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करना, समाज को जागरूक करना और महिलाओं को समाज में उचित स्थान दिलाना आवश्यक है।

कार्यक्रम को मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी संबोधित किया।

राज्यपाल ने राष्ट्रपति द्वारा स्वयं उपस्थित होकर प्रदेश के वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को वर्ष-2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की सिद्धि के लिए सभी प्रतिबद्ध हैं। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रीमती मुर्मु का मध्यप्रदेश पधारने पर अभिनंदन करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि बागेश्वर धाम में हनुमान जी के आशीर्वाद से सामाजिक बुराईयों को दूर करने का निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां विवाह बंधन में बंधने वाले नव विवाहित दंपतियों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

**प्रोमो वीडियो चैलेंज**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से इंडियन ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल फाउंडेशन द्वारा आयोजित वेव्स प्रोमो वीडियो चैलेंज के लिए आवेदन करने कि अंतिम तिथि 28 फरवरी 2025 है। वेव्स प्रोमो वीडियो चैलेंज, क्रिएट इन इंडिया चैलेंज का हिस्सा है। जो रचनाकारों, दूरदर्शी

लोगों और कहानीकारों के लिए आकर्षक वीडियो तैयार करने का अवसर प्रदान करता है। जो आगामी विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन की भावना को दर्शाता है। "आओ, हमारे साथ चलो" विषय पर केंद्रित यह चुनौती जीवन के सभी क्षेत्रों से प्रतिभागियों को आमंत्रित करती है। चाहे दूरदर्शी निर्देशक हो, रचनात्मक विज्ञापनदाता हो, या अग्रणी प्रसारक, यह आप सबके लिए नए दृष्टिकोण लाने और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर है। सभी प्रतिभागियों को परिणामों की सूचना और विजेताओं की घोषणा 15 मार्च, 2025 को की जाएगी। ज्यादा जानकारी के लिए प्रतिभागी वेव्स इंडिया डॉट ओआरजी स्लेस चैलेंज 2025 पर विजिट कर सकते हैं।

महाशिवरात्रि

महाशिवरात्रि पर आज प्रदेश के सभी प्रमुख मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। खास तौर पर महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में सुबह से ही भक्तों की कतार लगी है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन में महाकाल की पूजा की, इधर भोपाल में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शिव बारात में शामिल हुए। उज्जैन स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग में रात 2:30 बजे मंदिर के पट खोले गए, जिसके बाद भस्मआरती की शुरूआत हुई। मंदिर के पट 44 घंटे लगातार खुले रहेंगे। खंडवा जिले में स्थित ओम्कारेश्वर ज्योतिर्लिंग में भी आज प्रातः3:30 बजे मन्दिर के पट खुल गए। यहां भी चौबीस घंटे तक भगवान ओंकारेश्वर और भगवान ममलेश्वर मंदिर के पट खुले रहेंगे। भोपाल के भोजपुर मंदिर और पचमढ़ी में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भोजपुर में 26 से 28 फरवरी तक तीन दिवसीय 'महादेव' महोत्सव का आयोजन किया गया है। सीहोर जिले के नर्मदा घाटों पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। पर्यटन नगरी खजुराहो में आज से विशाल महाशिवरात्रि मेला शुरू हो गया है जो पूरे 15 दिन तक चलेगा।

रीवा में महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान भोलेनाथ की बारात में निकाली गयी। आगरमालवा स्थित प्राचीन, प्रसिद्ध व ऐतिहासिक शिवालय श्रीबैजनाथ महादेव मंदिर को फूलों से सजाकर आकर्षक विद्युत रोशनी की गई है। अशोक नगर में आज शिवालयों में रुद्राभिषेक के साथ भक्तों ने फूल बेलपत्री दूध आदि चढ़कर भगवान शिव की आराधना की गई। वही नगर में बड़ी धूमधाम के साथ शिव बारात भी निकाली गई। नीमच जिले के सभी मंदिरों में पूजा अर्चना का दौर जारी है। छिंदवाड़ा शहर में 200 से अधिक भंडारे चल रहे हैं जहां शिव भक्तों को महाप्रसाद वितरित किया जा रहा है। बड़वानी जिले में भक्तों ने मां नर्मदा तट पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई। देवास में भगवान शिव की आराधना को समर्पित महाशिवरात्रि पर्व पारंपरिक उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। गुना, शिवपुरी, विदिशा, मुरैना, रतलाम, मंदसौर में भी महाशिवरात्रि का पर्व पारंपरिक श्रद्धा भाव के साथ मनाया जा रहा है।

**प्रयागराज**

प्रयागराज में, विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर संपन्न होने जा रहा है। देशभर से आये श्रद्धालु प्रयाग राज में आज सवेरे से ही संगम और अन्य घाटों में डुबकी लगा रहे हैं। तेरह जनवरी को शुरू हुए

महाकुंभ में अब तक 64 करोड़ 60 लाख से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। 144 वर्षों में केवल एक बार होने वाले एक दुर्लभ खगोलीय संयोग से इस वर्ष महाकुंभ का महत्व और भी बढ़ गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस आयोजन को सुरक्षित और यादगार बनाने के लिए अधिकारियों ने विशेष प्रबंध किए हैं। रेलवे स्टेशनों, सडकों और शहर के प्रवेश मार्गों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड देखी जा रही है। प्रमुख स्थानों पर यातायात को कडाई के साथ विनियमित कर लोगों से आग्रह किया जा रहा है कि वे भीड भाड से बचने के लिए डुबकी लगाने के बाद रूके नहीं।

रेलवे प्रयागराज

रेलवे ने महाशिवरात्रि के अवसर पर संगम में डुबकी लगाकर महाकुंभ से घर लौटने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आज दोपहर 12 बजे तक प्रयागराज के विभिन्न स्टेशनों से एक सौ 94 रेलगाडियां चलाईं। रेल मंत्रालय ने बताया कि करीब दस लाख यात्रियों ने इन रेलगाडियों में यात्रा की। मंत्रालय ने बताया कि महाशिवरात्रि स्नान के बाद अतिरिक्त रेलगाडियां चलाने के लिए विशेष प्रबंध किए गये हैं और प्रयागराज के निकट अतिरिक्त डिब्बे तैयार हैं। रेलवे आज प्रयागराज से साढे तीन सौ रेलगाडियां चलाएगा। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार, संपूर्ण रेल परिचालन की निगरानी कर रहे हैं। कल तीन सौ 14 विशेष रेलगाडियां चलाई गई थीं, जिनमें लगभग 14 लाख श्रद्धालुओं ने यात्रा की।

संक्षिप्त समाचार

- माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की हायर सैकेण्डरी के बाद कल से हाईस्कूल बोर्ड की परीक्षाएं भी शुरू हो रही हैं। श्योपुर जिले में इसके लिए 35 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, जिन पर 7 हजार 401 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

- सीहोर जिले की कृषि उपज मंडी में गेहूं के दामों में उछाल देखने को मिल रहा है। एमएसपी से 600 रुपए अधिक गेहूं की उपज नीलामी में खरीदी की जा रही है| साथ ही चने के दामों में भी लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है।
- उज्जैन में आज से राज्य सरकार द्वारा विक्रम उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 30 मार्च तक चलने वाला विक्रमोत्सव, सम्राट विक्रमादित्य के युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर केंद्रित रहेगा।
- चैंपियंस ट्रॉफी के 8वें मैच में आज अफगानिस्तान ने इंग्लैंड को 326 रन का लक्ष्य दिया है। लाहौर में अफगानिस्तान की ओर से इब्राहिम जादरान 146 बॉल पर 177 रन बनाए।

मुख्य समाचार एक बार फिर

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा- समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करना और महिलाओं को समाज में उचित स्थान दिलाना आवश्यक।
- मुख्यमंत्री बोले- संत, सत्ता और शासन की त्रिवेणी के संगम से बागेश्वर धाम बना रहा नये कीर्तिमान।

- पूरे हर्षोउल्लास और श्रद्धाभाव से मनाया जा रहा है महाशिवरात्रि का पर्व।
- विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम प्रयागराज महाकुंभ आज हो रहा है संपन्न।

---------------------